(ग) शीघ्र डाक वितरण के लिए सरकार अन्य कौन-कौन से कदम उठाने का विचार रखती है ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलट) : (क) जी हां ।

(ख) बम्बई में एक ग्रॉटोमैटिक इंटीग्रेटेड मेल प्रोसेसिंग प्रणाली शीघ्र ही स्थापित की जा रही है । आठवीं योजना में कुछ और प्रमुख महानगरों में ऐसी मशीनें लगाने का प्रस्ताव है बशर्ते कि संसाधन उपलब्ध हों ।

(ग) डाक छंटाई की गुणवत्ता और डाक के मार्ग-निर्धारण के संबंध में पर्यवेक्षण और मॉनीटरिंग को सुदृढ़ बनाया गया है ।

Liftingr of ban on import of consumer goods

*185. SHRI E. BALANANDAN;
SHRI ASHIS SEN:

Will the Minister of COMMERCE be pleased to state;

(a) whether it is a fact that the World Bank is pressing Government to lift the ban on import of consumer goods that had been in existence since independence;

(b) if so, what are the details thereof; and

(c) what is Government's reaction thereto?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (DEPARTMENT OF SMALL SCALE INDUSTRIES AND RURAL INDUSTRIES) AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI P. J. KURIEN): (a) No, Sir.

(b) aud (c) Do not arise.

इलैक्ट्रिक जैनरेशन कम्पनी, जमशेदपुर द्वारा विद्युत उत्पादक एककों की स्थापना

*186. **श्री अनन्तराम जायसवाल** : क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि "दि इलैक्ट्रिक जैनरेशन कम्पनी, जमशेदपुर" को जोजोबेरा में दो विद्युत उत्पादक एककों की (कारखानों) जिनमें से प्रत्येक की क्षमता 67.5 मेगावाट होगी स्थापना किए जाने का प्रस्ताव उनके मंत्रालय/बिहार विद्युत बोर्ड के पास स्वीकृति हेतु पड़ा हुआ है ;

(ख) यदि हां, तो यह प्रस्ताव कब से पड़ा हुआ है ;

(ग) क्या इन दो एककों की स्थापना से बिहार में विद्युत संकट को दूर करने में कोई मदद मिलेगी, यदि हां, तो कितनी;

(घ) क्या उनके मंत्रालय/बिहार विद्युत बोर्ड को उपर्युक्त भाग (क) में उल्लिखित प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान किए जाने पर कोई आपत्ति है ;

(ङ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(च) क्या उनके मंत्रालय ने बिहार विद्युत बोर्ड से उनके अडियल रूख के सम्बन्ध में कोई स्पष्टीकरण मांगा है;

(छ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ज) क्या उनके मंत्रालय को बिहार सरकार से कोई स्पष्टीकरण प्राप्त हुआ है; यदि हां, तो कब और उसका ब्यौरा क्या है ?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कल्पनाथ राय) : (क) जमशेदपुर इलैक्ट्रिक जेनरेटिंग कम्पनी द्वारा जोजोबेरा में 2 × 67.5 मेगावाट क्षमता के विद्युत उत्पादन यूनिटों की स्थापना सम्बन्धी प्रस्ताव